हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 293 देहरादून, मंगलवार, 16 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस 3

# मुख्यमंत्री धामी ने काशीपुर में किया 355 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 16 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को काशीपुर में 355.27 करोड़ की 113 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जिसमें 287.36 करोड़ की 102 योजनाओं का शिलांयास तथा 67.91 करोड़ की 11 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। यहा योजनायें विधानसभा क्षेत्र काशीपुर, जसपुर, बाजपुर एवं गदरपुर से जुड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निगम, जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग की लगभग 287.36 करोड़ से अधिक की 102 योजनाओं का शिलान्यास तथा जल निगम, जल संस्थान ग्रामीण निर्माण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की लगभग 67.91 करोड़ से अधिक की 11 योजनाओं के पूर्ण होने के उपरांत इन विधानसभा क्षेत्रों में विकास के एक नए युग का सूत्रपात होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज की गई योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास से निश्चित ही विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा आने वाले समय में लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। पेयजल की योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को बल मिलेगा और आमजन के घरों तक आसानी से पेयजल मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और उनका प्रयास मंत्र को लक्ष्य मानकर काम करते हुए प्रदेश की जनता को बेहतर सरकार देना हमारा प्रयास है जिससे लोगों की बात सरकार तक पहुंचे और सभी की समस्या का समाधान हो। जीरो टॉलरेंस पर काम करते हुए प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करना हमारा उद्देश्य है। उत्तराखंड राज्य हित में जिन फैसलों की



आवश्यकता होगी वह लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 22 वर्ष का युवा उत्तराखंड, अब नए जोश और नई उमंग के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम बाबा केदार की धरती से प्रधानमंत्री जी द्वारा कहे गए कथन ''21वीं सदी का तीसरा दशक, उत्तराखंड का दशक होगा'' को चरितार्थ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि एक नई कार्य संस्कृति और सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मंत्र को लेकर हमारी सरकार प्रदेश में पूर्ण सुशासन स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट 30 जून तक तैयार हो जाएगा, जोकि पूरे राष्ट्र के लिए मॉडल बनने वाला है। उन्होने सभी राज्यों से यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने का आह्वान कियां। उन्होंने कहा कि कठोर भूकानून बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य लैण्ड जिहाद एवं अवैध अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। हमने एक वर्ष के अन्दर तीन गैस सिलेंडर निःशुल्क देने



का काम किया। आज एक लाख 81 हजार परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 15 लाख के सापेक्ष 11 लाख 30 हजार घरों को पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गौरवमय मार्ग को प्रशस्त करने के लिए ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' का जो मंत्र दिया है उसने देश की दिशा और दशा को बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई गरीब कल्याण योजनाओं ने अंतिम पायदान पर खड़े हुए प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले केवल योजनाएं बनाई जाती थी, परन्तु अब योजनाएं भी बनाई जाती हैं और उनको लागू भी किया जाता है। इसी तरह देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए जहां बड़ी-बड़ी योजनाओं का प्रधानमंत्री जी द्वारा शिलान्यास किया जाता है, वहीं उनका उद्घाटन भी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में देश जहां विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं वैश्विक कूटनीति के मंच पर भी विश्व में भारत अग्रणी देशों में गिना जाता है, रूस और यूक्रेन युद्ध के समय हमारे द्वारा उठाए गए कदमों से यह बात परिलक्षित होती है। ''अं-त्योदय के साथ-साथ ''सांस्कृतिक राष्ट्रवाद'' का मंत्र आज देश की मूल प्रेरणा बन चुका है।उन्होंने कहा कि आज केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से हमारा प्रदेश भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमने उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का जो ''विकल्प रहित संकल्प'' लिया है, उसके लिए हम निरंतर कार्यरत हैं।उन्होंने कहा कि हाल ही में भ्रष्टाचार और भर्ती घोटालों पर किए गए प्रहार से लेकर समान नागरिक आचार संहिता, धर्मांतरण कानून, महिला आरक्षण, भू-कानून, देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद और गरीबों को तीन निःशुल्के सिलेंडर देने जैसे कठिन मुद्दों पर हमारे द्वारा उठाए गए ''ऐतिहासिक कदम'' इस बात का प्रमाण हैं कि आज हमारी सरकार प्रदेश हित में ऐसे मुद्दों पर भी निर्णय लेने का कार्य कर रही है, जिन मुद्दों को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।उन्होंने कहा कि काशीपुर औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित रहा है यहां पर समुचित विकास की जो भी आवश्यकताएं हैं उनकी हम समीक्षा कर रहे हैं। उद्योगपतियों के साथ बीते दिनों हुई बैठक में उनकी समस्याओं पर मंथन भी किया है, संवाद भी किया है और उनसे सुझाव लेकर कुछ त्वरित निर्णय लिए हैं और दीर्घकालिक निर्णय भी शीघ्र लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में 9 वर्षों में डेढ़ लाख करोड़ से भी ज्यादा की योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। उनका यहां से कर्म और मर्म का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि नये जिलों के सृजन के लिए एक कमेटी काम कर रही है और कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद जिले बनाये जाएंगे। विधायकों के साथ मिलकर उनके क्षेत्रों के विकास का पहिया तेजी से चलाया जाएगा। काशीपुर के बाईपास और फ़्लाईओवर के जल्द निर्माण की बात भी उन्होंने कही।

## उत्तराखंड के 5 जिलों में 2 दिन बारिश ओलावृष्टि का अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 16 मई : उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर बदलाव की ओर है। राज्य मौसम विभाग ने प्रदेश के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है।

अगले 2 दिनों तक प्रदेश में मौसम कैसा रहेगा, प्रदेश के कई क्षेत्रों में बादल छाए हैं, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली तथा पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं बहुत हल्की वर्षा होने की संभावना है। देहरादून तथा उत्तरकाशी जनपद में आकाशीय बिजली चमक सकती है। झोंकेदार हवाएं भी चलेंगी।

राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जनपद के कई स्थानों में हल्की बारिश हो सकती है, हालांकि राज्य के मैदानी क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। उत्तराखंड



राज्य के रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं हल्की से बहुत हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। राज्य के शेष जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा। 16 मई को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश हो सकती है। 17 मई को भी पर्वतीय जनपदों में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश होने की संभावना है। राज्य के अन्य जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा।

## मौसम खराब होने पर केदारनाथ के पंजीकरण पर 24 मई तक लगी रोक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 16 मई : मौसम विभाग ने उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में अगले कुछ मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, केदारनाथ में भी यात्रा शुरू होने से अब तक बर्फबारी जारी है। जिसके चलते केदारनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण पर 15 मई तक लगी रोक को 24 मई तक बढ़ा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 24 तक नए पंजीकरण पर रोक रहेगी लेकिन जो यात्री पहले पंजीकरण कर चुके हैं वे यात्रा कर सकेंगे। बता दें कि 25 अप्रैल से अभी तक धाम में कुल 2,89149 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

# इन छोटे-छोटे बदलावों से दूर की जा सकती है नींद न आने की समस्या ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : नींद हमारे जीवन का एक अनिवार्य पहलू है जो अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नींद के दौरान हमारा शरीर सेल्स और टिश्यूज को बनाने और उनकी मरम्मत करता है। नींद सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए बहुत ही

जरूरी है। इसमें किसी भी तरह की बाधा कई गंभीर समस्याओं, जैसे- मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज और ह्रदय रोग की वजह बन सकती है।

नींद की मात्रा और क्वालिटी दो अलग-अलग चीजें हैं। नींद की गुणवत्ता निर्धारित करती है कि आप कितनी अच्छी तरह सोते हैं, जबकि नींद की मात्रा निर्धारित करती है कि आप हर रात कितना सोते हैं। ResMed के स्लीप सर्वे 2023 के अनुसार, 58% भारतीय खर्राटों को अच्छी नींद का संकेत मानते हैं, वे इस तथ्य से अनजान हैं कि खर्राटे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (OSA) और अन्य नींद से जुड़ी कई समस्याओं का एक गंभीर लक्षण होता है। ये खतरनाक आंकड़े भारतीयों के बीच नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। ये चीजें आपकी नींद की क्वालिटी सुधारने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

नींद के अनुकूल वातावरण बनाने से आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिल सकती है। सोने से पहले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या स्क्रीन के इस्तेमाल न करें।

फोन/टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी स्लीप हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन को बाधित कर सकती है, जो हमारे सोने-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है।



बेहतर नींद को बढ़ावा देने के लिए, नींद लाने वाली एक्टिविटी पर ध्यान दें, जिसमें- शाम को कमरे की रोशनी कम रखना, गर्म पानी से स्नान करना, किताबें पढ़ना, ध्यान या गहरी सांस लेने के व्यायाम का अभ्यास करना शामिल हैं।

# आपकी कार के इंजन को भी लगती है 'गर्मी', नहीं रखा ध्यान तो हो जाएंगे परेशान ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : गर्मियां शुरु हो चुकी है और तापमान में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी होते जा रही है। ऐसे में कार के इंजन में ओवर-हीटिंग की समस्या भी होने लगती है। कई बार तो इंजन इतना गर्म हो जाता है कि हादसा होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर आपके कार का इंजन इतना ओवरहीट क्यों होता है। चलिए आपको इसके पीछे की वजह बताते हैं।

सबसे मुख्य कारण कार के इंजन का गर्म होने का यही है। अगर आपके कार के रेडिएटर, वाटर पंप, होज, हेड गैसकेट या थर्मोस्टेट हाउसिंग में कोई लीक या रिसाव होता है तो इससे आपका इंजन ठीक ढंग से ठंडा नहीं हो पाएगा। आप इस लीके को खुद सील करा सकते हैं, लेकिन आप इसे



मैकेनिक से दिखवा ले, ये आपके लिए काफी बेहतर होगा। कार के इंजन को ठंडा रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी कूलेंट की होती है। ये एक ऐसा ऑयल होता है जो इंजन को ठंडा रखता है। अगर आपके कार का कूलेंट लीक हो रहा है या फिर खराब क्वालिटी का होगा तो वो इंजन को ठंडा नहीं करेगा।


अगर आपके कार में कोई रिसाव नहीं है और कूलेंट भी ठीक है फिर भी इंजन गर्म हो रहा है तो आपको कूलेंट की जांच करनी चहिए। कभी -कभी गंदगी या सड़क से उठने वाली धूल और गर्दा भी कूलेंट डिपार्टमेंट में पहुंच जाती है। जिसके चलते हाउसेस ब्लॉक हो जाते हैं। ऐसे में आप इसको ठीक से सफाई करें।इंजन ओवर-हीटिंग का एक अन्य आम कारण के उसे भी हो सकती है। रेडिएटर खराब होने की समस्या के कारण कभी कभी रेडिएटर का फैन ठीक से काम नहीं करता है, फिर गंदगी रेडिएटर में भर जाती हैं तो वेंटिलेशन इसके कारण प्रभावित होती है। जिसके कारण कार का इंजन बहुत जल्द गर्म हो जाता है।

# बच्चों के लिए बेहद खतरनाक है हीटवेव, माता-पिता बरतें ये सावधानियां ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : गर्मी का मौसम अपने साथ लू के थपेड़ों को भी लेकर आता है, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इससे बड़े तो क्या बच्चे भी बेहाल और परेशान रहते हैं। इस दौरान बच्चों के बीमार पड़ने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए ही होता है क्योंकि बच्चों में तापमान परिवर्तन के प्रति संवेदन-शीलता अधिक होती है और वे जल्दी से हाइड्रेट भी होने लगते हैं। इसके बाद उन्हें स्कूल जाना और बाहर खेलने जैसी आम दिनचर्या करने में भी समस्या आने लगती है। अगर आपके बच्चे भी गर्मी के मौसम में बहुत जल्दी हीटवेव का शिकार हो जाते हैं, तो हम कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप उनकी बेहतर देखभाल कर सकते हैं।

बच्चों को लू से बचने के लिए हाइड्रेटेड सबसे पहली चीज है। वयस्कों की तुलना में बच्चे ज्यादा जल्दी हाइड्रेट हो जाते हैं। इसलिए ध्यान दें कि आपका बच्चा भरपूर मात्रा में पानी का सेवन कर रहा है। चाहे



आपका बच्चा छह महीने का हो या फिर दस वर्ष का। स्तनपान कराने से लेकर पानी पीने तक ध्यान दें कि वे भरपूर मात्रा में लिक्विड ले रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों के दौरान बच्चों को सही कपड़े पहनाना महत्वपूर्ण है। इस दौरान कॉटन जैसे नेचुरल फैब्रिक चुनें जो हल्के, ढीले-ढाले और सांस लेने वाले हों। सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें क्योंकि इससे त्वचा ठीक तरह से सांस नहीं ले पाती और गर्मी के मौसम में काफी असहजता हो जाती है। साथ ही कॉटन के कपड़े पसीने को सोखने में मदद करते हैं, जिससे शरीर का उचित तापमान बना रहता है।

बच्चे को हीटवेव से बचाने में कमरे का तापमान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए कोशिश करें कि कमरे का तापमान ठंडा रखें। इसके लिए केवर पंखे पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, एयर कंडीशनर, कूलर या ह्यूमिडिफायर का प्रयोग करें। बच्चे को कभी भी गर्म कार में अकेला न छोड़ें, भले ही वह थोड़े समय के लिए ही क्यों न हो। कार के अंदर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है, जो उनके लिए खतरनाक या घातक भी हो सकता है। बच्चों की त्वचा नाजुक और संवेदनशील होती है, जो हीटवेव से आसानी से जल सकती है। इसलिए उनके हाथों, चेहरे, गर्दन और किसी भी अन्य खुले भाग पर कम से कम एसपीएफ 30 वाला सनस्क्रीन लगाएं। बच्चे के लिए सही सनस्क्रीन चुनने के लिए त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें। सूरज की किरणों से उनकी आंखों और चेहरे को बचाने के लिए टोपी और धूप के चश्मे का भी इस्तेमाल करें। कोल्ड शावर बच्चों को हीटवेव से बचाने में प्रभावी ढंग से मदद कर सकता है। इससे बच्चे को ठंडक और चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन ध्यान दें कि बहुत अधिक ठंडे पानी का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि ये उनके शरीर को कंपकंपी दे सकता है।

# पीएम ''नरेंद्र मोदी'' की उत्तराखंड में होगी बड़ी रैली, एक महीने चलेगा महाअभियान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

प्रधानमंत्री '''नरेंद्र मोदी'' के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल का कार्यकाल पूरा होने पर 30 मई से 30 जून तक प्रदेश में महा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जून में पीएम मोदी की उत्तराखंड में एक बड़ी रैली होगी।

महाअभियान को लेकर 19 व 20 मई को प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक में रणनीति तैयार की जाएगी। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर 30 मई से पूरे देश में महा संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसीलिए 15 मई से शुरू होने वाले सांसदों का विशेष संपर्क अभियान को टाल दिया गया। अब 30 मई से 30 जून तक दोनों अभियान एकसाथ चलेंगे।

**प्रधानमंत्री पूरे देश में 51 रैलियां करेंगे**

महा संपर्क महाअभियान को लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक 19 व 20 मई को होगी। उसमें बूथ स्तर पर कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की जाएगी। इसके अलावा महाभियान के दौरान ही प्रधानमंत्री पूरे देश में 51 रैलियां करेंगे। इनमें जून में एक बड़ी रैली मोदी की उत्तराखंड में होगी। यदि प्रधानमंत्री का समय नहीं मिला तो उनकी जगह अमित शाह और राजनाथ सिंह रैली करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ महाअभियान के लिए बैठक भी करेंगे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी हाईकमान के दिशानिर्देश पर 15 मई से सांसदों का विशेष संपर्क अभियान स्थगित कर दिया है। अब सांसदों व पार्टी की ओर से एकसाथ 30 मई से महा संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएचसी बडालू में अब लोगों को 24 घंटे मिलेगा उपचार

पिथौरागढ़। मूनाकोट विकासखंड में रहने वाले हजारों लोगों को अब पीएचसी बडालू में रात में भी इलाज की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए विभाग ने रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए रोस्टर जारी किया है। रात्रि ड्यूटी में चिकित्सक, स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वॉय सहित तीन कर्मी तैनात रहेंगे। बडालू स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अब 24 घंटे लोगों को इलाज की सुविधा मिलेगी। सीएमओ डॉ. एचएस ह्यांकी के निर्देश के बाद प्रभारी चिकित्साधिकारी ने एक रोस्टर जारी किया है। जिसमें रात्रि कालीन के लिए दिनवार कर्मचारियों की ड्यूटी की व्यवस्था की गई है। विभाग की इस पहल के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्राम प्रधान दिवाकर जोशी, महेश जोशी, संतोष चन्द, रविन्द्र संतोलिया, संजय चन्द, हरीश जोशी, संतोष राम ने विधायक विशन सिंह चुफाल और सीएमओ का आभार जताया है। प्रधान जोशी ने कहा कि पूर्व तक दोपहर दो बजे ही अस्पताल में सुविधा मिल रही थी। ऐसे में निर्धारित समय बाद आपात स्थिति में लोगों को जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही थी। आमजन को हो ही दिक्कत को ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष रखा।

### आनुवांशिकता को प्रभावित करते हैं जीन

चम्पावत। जीन आनुवांशिकता को प्रभावित करते हैं। ये बात प्रो.एसएस जीना ने साइंस आउटरीच कार्यशाला में कही। कार्यशाला में उन्होंने जीन की अवधारणा की जानकारी दी।चम्पावत में सोमवार को सीएनराव फाउंडेशन की ओर से आयोजित साइंस आउटरीच कार्यशाला का समापन हुआ। समापन पर विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं को जानकारी दी। डॉ.जयश्री सनवाल भट्ट ने हिमालय की संरचना और भूकंप के बारे में बताया। उन्होंने भूकंप के कारण, इससे होने वाले नुकसान और बचाव की जानकारी दी। प्रो.बीडी लखचौरा ने विभिन्न जीवों के मध्य समानता और विविधता के बारे में बताया। प्रो.ईश्वरमूर्थी ने आवर्त सारणी के छिपे इतिहास की जानकारी दी। प्रो.प्रताप विश्नोई ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्रो.राजीव कापड़ी ने छात्र छात्राओं को विज्ञान में कॅरियर बनाने की जानकारी दी। हिमालयन ग्राम विकास समिति के राजेंद्र बिष्ट ने बताया कि दो दिनी कार्यशाला में 17 स्कूलों के 103 छात्र छात्राओं और 25 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने कार्यशाला को लेकर फीड बैक दिया। कार्यक्रम में जिला विज्ञान सह समंवयक नवीन पंत, मनोज जोशी, राजेंद्र गडक़ोटी, डॉ.एमपी जोशी, प्रदीप जोशी, नीरज पांडेय ने सहयोग दिया।

### ई-रिक्शा चालकों ने तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया

विकासनगर। मुख्य मार्गों पर ई रिक्शा संचालन बंद किए जाने से नाराज रिक्शा चालकों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। रिक्शा चालकों ने कहा कि बीते एक सप्ताह से उनके घर में चूल्हा नहीं जल रहा है। लिहाजा मुख्य मार्गों पर ई रिक्शा संचालन शुरू किए जाने के बाद ही धरना समाप्त किया जाएगा। आर्यन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित नेगी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे ई-रिक्शा चालकों ने बताया कि यातायात व्यवस्था के नाम पर एक सप्ताह पूर्व पछुवादून में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई रिक्शा संचालन बंद कर दिया था। हरबर्टपुर चौक से विकासनगर मुख्य बाजार, डाकपत्थर तिराहा से डाकपत्थर बाजार, बैराज और कालसी तक ई रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध लगने से पछुवादून के तीन हजार ई रिक्शा संचालक बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था के नाम पर ई रिक्शा चालकों को ही परेशान किया जाता है, जबकि बड़े वाहन चालकों को छोड़ दिया जाता है।

# पौड़ी में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 16 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा उपवास के तहत पुलिस परिजनों के लिए लगातार किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम। उत्तराखंड पुलिस परिवार के कल्याण हेतु गठित उत्तराखण्ड पुलिस वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ0 अलकनंदा अशोक महोदया के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में उपवा पौड़ी के सहयोग से पुलिस परिवार की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु विभिन्न क्रियाकलापों/ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

उपवा के तहत पुलिस लाइन पौड़ी में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्रीमती श्वेता चौबे के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा उपवा के तहत पुलिस परिजनों के लिए लगातार किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम। उत्तराखंड पुलिस परिवार के कल्याण हेतु गठित उत्तराखण्ड पुलिस वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ0 अलकनंदा अशोक के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक





महोदया पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में उपवा पौड़ी के सहयोग से पुलिस परिवार की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु विभिन्न क्रियाकलापों/ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

पुलिस लाइन पौड़ी में शालू काला धर्मपत्नी अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला के नेतृत्व में प्रभारी महिला सुरक्षा हेल्पलाइन महिला उपनिरीक्षक टीना रावत के सहयोग से पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिसमें पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के मध्य जलेबी दौड़, नींबू दौड़, कुर्सी दौड़ एवं सुई धागा दौड़ आदि का आयोजन किया गया। तत्पश्चात पुलिस परिवार के बच्चों ने माताओं के साथ मिलकर केक काटकर माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी गयी एवं माताओं को पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बच्चों ने बारी-बारी से मां के ऊपर कविता और अपने विचार भी व्यक्त किए। बच्चों द्वारा अपने संबोधन में मां के ऊपर कई प्रेरणादायक बातें रखी गयी। शालू काला द्वारा भी मां के ऊपर अपने विचार व्यक्त किये। उक्त कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं व बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। जनपद पुलिस द्वारा पुलिस परिवार की महिलाओं एवं महिला पुलिसकर्मियों व पुलिस परिवार के बच्चों के वेलफेयर हेतु उपवा के तहत कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।

# क्या होती है साउंड थेरेपी, शरीर और दिमाग के लिए कैसे है ये फायदेमंद ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : लोग शांति और सुकून पाने के लिए कई तरह की थेरेपी लेते हैं। लेकिन एक थेरेपी ऐसी भी है, जिसमें ध्वनि का इस्तेमाल करके शांति प्रदान की जाती है। आप सोच रहे होंगे कि आवाज सुनकर किसी को शांति कैसे मिल सकती है। लेकिन ऐसा है और इस थेरेपी को साउंड थेरेपी कहते हैं। साउंड थेरेपी तकनीक में कुछ खास तरह के इक्विपमेंट की मदद से ध्वनि और वाइब्रेशन उत्पन्न किए जाते हैं, जिससे व्यक्ति का उपचार किया जाता है। साउंड थेरेपी में साउंड और वाइब्रेशन के इस्तेमाल से व्यक्ति की शारीरिक/मनोवैज्ञानिक स्थिति को प्रभावित किया जाता है।

साउंड हीलिंग थेरेपी को शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए लिया जाता है। इस थेरेपी में इलाज करने वाले प्रोफेशनल्स कुछ खास तरह के तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें शामिल हैं: म्यूजिक सुनना, म्यूजिक के साथ गाना ,संगीत की ताल पर मूव करना , मेडिटेशन करना ,किसी तरह का म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट बजाना माना जाता है कि ध्वनि के साथ उपचार करने की शुरुआत ग्रीस से हुई थी। इसमें मानसिक समस्याओं को ठीक करने के प्रयास में संगीत का उपयोग किया जाता था।

माना जाता है कि, संगीत का उपयोग करके सैनिकों का मनोबल बढ़ाया जाता था, लोगों के काम में तेजी और अधिक प्रोडक्ट बनाने के लिए संगीत का सहारा लिया जाता था। इतना ही नहीं इसके अलावा बुरी आत्माओं को भगाने के लिए भी संगीत का सहारा लिया जाता था।किसके लिए फायदेमंद है साउंड थेरेपी? साउंड थेरेपी का उपयोग कई स्थितियों के उपचार के लिए किया जाता है, इसमें शामिल हैं- एंग्जायटी ,डिप्रेशन ,किसी ट्रॉमा से उबरने के लिए ,पागलपन ,ऑटोमेटिक लोगों के लिए ,सीखने की कठिनाई से जूझ रहे लोगों के लिए ,व्यव-हारिक और मानसिक विकार साउंड थेरेपी




के कुछ कथित लाभ तनाव कम करना ,मूड स्विंग कम करना ,ब्लड प्रेशर कम करें , कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करना ,दर्द को प्रबंधित करना सिखाए ,कोरोनरी आर्टरी रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करना ,नींद में सुधार करना।

# हंसने जितना ही फायदेमंद है रोना भी, जुड़े हैं सेहत के कई सारे फायदे ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : रोना मानव द्वारा अनुभव की जाने वाली एक भावना है। भावनाओं को उमड़ने देना यानी जाहिर करना बहुत जरूरी होता है क्योंकि इसके कई सारे फायदे होते हैं। रोना आमतौर पर उदासी से जुड़ा होता है। मानव को खुशी, क्रोध और हताशा या अन्य भावनाओं में भी रोना आ सकता है। रोने को कई लोग कमजोरी की निशानी मानते हैं लेकिन ये एक ऐसा इमोशन है, जो आपके शरीर और दिमाग दोनों के लिए फायदेमंद है। जी हां, अगर आप ये सुनकर चौंक गए, तो आज के लेख में हम रोने के फायदों के बारे में ही बात करने वाले हैं।

रोने के फायदों को जानने से पहले कितने तरह का होता है रोना, आइए जान लेते हैं पहले इसके बारे में। 1. इमोशनलः जब तनाव बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, तो ऐसे में आंखों से आंसू निकलता है। इससे भी फायदे



होते हैं। 2. बसलः टियर डक्ट से लगातार आंसू निकलते रहते हैं, जिनमें प्रोटीन-रिच एंटीबैक्टीरियल लिक्विड होता है। ये पलक झपकने में मदद करते हैं। 3. रिफ्लेक्शनः रिफ्लेक्स कुछ समय में होता है, जैसे- हवा, धुआं या फिर प्याज काटने की वजह से। इस दौरान आंखों से आंसू निकलने की वजह से आंखें सुरक्षित रहती हैं।

# अपने "नाक" के आकार से जानिए कैसी है आपकी पर्सनालिटी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

"नाक" हमारी पर्सनालिटी का अहम हिस्सा है। आज हम आपको बताएंगे कि आपकी "नाक" की बनावट आपके के बारे में सामुद्रिक विज्ञान के अनुसार बहुत सी चीजें नाक के आकार पर निर्भर करती है।किसी भी व्यक्ति के चेहरे पर मौजूद उसकी नाक का शेप कैसे उसकी पर्सनैलिटी के बारे में बताता है। तो चलिए जानते हैं नाक के आकार और पर्सनेलिटी के बारे में...

**चौड़ी नाक (Wide Nose)**


चौड़ी नाक वाले लोग जुनूनी और क्रिएटिव होते हैं। इनमें नेतृत्व करने की क्षमता होती है। इनका व्यक्तित्व काफी मजबूत होता है और ये व्यापार में कभी-कभी सफल होते हैं। इन्हें गुस्सा काफी जल्दी आता है।

**उठी हुई नाक (Upturned Nose)**

उठी हुई नाक वाले लोग काफी खुश मिजाज और आशावादी होते हैं। ये जोखिम भरे कार्य करने में झिझकते नहीं है। ये स्वभाव से न केवल ईमानदार, बल्कि अपने दोस्तों से प्यार करने वाले होते हैं। ये काफी भरोसेमंद भी होते हैं इसलिए अधिकतर लोगों की उनसे बनती भी है।

**चपटी नाक (Snub Nose)**

इस तरह की नाक वाले लोग स्वभाव से अच्छे होते हैं, परंतु अगले पल इनका मूड कैसा होगा इसपर कुछ कहा नहीं जा सकता। ये कोई भी निर्णय सोच समझकर लेते हैं। दूसरे लोग इनसे जल्दी प्रभावित हो जाते हैं। ये काफी ईमानदार भी होते हैं।



**टेढ़ी-मेढ़ी (Bumpy Nose)**


इस आकार की नायक वाले लोग अपने जीवन की राह खुद तय करते हैं। इन्हें किसी के नेतृत्व में काम करना पसंद नहीं। ये अपने निर्णय खुद लेते हैं और गलतियाँ भी करते हैं। ये काफी जिद्दी स्वभाव के होते हैं और इन्हें दूसरे क्या सोचते हैं इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

**चील या गिद्ध जैसी नाक (Hawk Nose)**

इस तरह की नायक पतली पर हुक आकार की होती है। बनावट किसी पक्षी की चोंच जैसी होती है। इनकी इच्छाशक्ति काफी मजबूत होती है। यदि ये कुछ करने की ठान लें तो उसे पूरा करके ही रहते हैं चाहे कितनी भी रुकावटें क्यों न आए।

**सीधी-सपाट नाक (Greek Nose)**

इस तरह की नाक सीधी और पतली आकार की होती है। ये प्रतिभावान, तार्किक और भरोसेमंद होते हैं। आप इनपर भरोसा कर सकते हैं। ---सूत्र




# नैनीताल : मां और पिता चलाते हैं नाव, बेटी ने किया इंटर में टॉप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 16 मई : मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर हर चुनौती को पार कर सफलता हासिल की जा सकती है। नैनीताल की होनहार बेटी मीनाक्षी ने इस बात को सच साबित कर दिखाया। सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में मीनाक्षी ने 72.2 परसेंट अंक हासिल किए। मीनाक्षी का अंक प्रतिशत भले ही कम हो, लेकिन उनकी ये सफलता कई मायनों में बेहद खास है। मीनाक्षी जीजीआईसी नैनीताल में 12वीं की परीक्षा में दूसरी टॉपर बनी हैं। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली मीनाक्षी के पिता मनोज कुमार नैनीताल में नाव चलाते हैं। घर-परिवार में आर्थिक परेशानियां हमेशा लगी रहती हैं, इसलिए मीनाक्षी की मां को भी घरों में काम करना पड़ता है।

टिनशेड के घर में रहने वाली मीनाक्षी हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूल में पढ़ी हैं, लेकिन जब उन्हें अंग्रेजी माध्यम से परीक्षा



देनी पड़ी तो मीनाक्षी ने हार नहीं मानी और खूब मेहनत करती रहीं। मीनाक्षी ने पढ़ाई के लिए किसी कोचिंग सेंटर की हेल्प नहीं ली, और सेल्फ स्टडी के दम पर शानदार सफलता हासिल की। इस तरह उन्होंने हर तरह की सुविधा के बीच पढ़ाई करने वाले बच्चों को भी अपनी सफलता से आईना दिखाया है। मीनाक्षी का परिवार स्टोनल कंपाउंड में रहता है। वो भविष्य में फ्लाइंग अफसर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।

# उत्तराखंड : प्रदेश में चार लाख से अधिक आबादी को रोजाना मिलेगा 16 घंटे पानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 16 मई : प्रदेश में चार लाख से अधिक आबादी को रोजाना 16 घंटे शुद्ध पेयजल मिलेगा। पेयजल विभाग ने वर्ल्ड बैंक के वित्त पोषण से पांच जिलों में 22 पेयजल योजनाएं स्वीकृत की हुई हैं, जिन पर तेजी से काम चल रहा है। कई योजनाओं का काम पूरा भी हो चुका है। प्रदेश में शहरी आबादी के साथ ही इनके आसपास के अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में भी शहरी सुविधाएं तो थीं लेकिन यहां पानी की किल्लत थी। पानी यहां आज भी गांव की पेयजल योजनाओं से अपेक्षाकृत कम मिलता था। पेयजल विभाग ने इन अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में पेयजल योजनाएं लगाने के लिए 2011 की जनगणना के तहत 32 क्षेत्रों का चयन किया था। वर्ल्ड बैंक के वित्त पोषण से यहां 22 क्षेत्रों में योजनाएं स्वीकृत कर ली गई।

इनमें से कई योजनाओं के तहत पानी उपलब्ध होना शुरू हो गया है। पेयजल निगम के एमडी उदयराज सिंह ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में शहरी मानकों के हिसाब से पेयजल की उपलब्धता शुरू हो चुकी है। बताया कि इन योजनाओं से 975 करोड़ बजट से 88 हजार घरों में पानी के कनेक्शन दिए जाएंगे, जिससे 4,36,000 आबादी को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा।

किस जिले में कहां बन रही योजनाजिला-योजनाओं के क्षेत्रदेहरादून(08)- जीवनगढ़, नत्थनपुर, मेहूवाला माफी, नथुवावाला, ऋषिकेश देहात, गुमानीवाला, प्रतीत नगर और खड़क माफी।टिहरी(01)- ढालवाला क्षेत्र।नैनीताल(03)- हल्द्वानी तल्ली, कुसुमखेड़ा और गौजाजाली क्षेत्र।ऊधमसिंह नगर(03)- उमरूखुर्द, मोहलिया और बंडिया क्षेत्र।हरिद्वार(07)- सैदपुर, भंगेड़ी महावतपुर, नगला इमरती, ढंडेरा, मोहनपुर मोहम्मदपुर, बहादराबाद और जगजीतपुर क्षेत्र।



# देवभूमि में मर्यादा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : हरिद्वार एसएसपी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 16 मई : ऑपरेशन मर्यादा के तहत नीलधारा नदी में कार धोने/चलाने पर मर्यादा भंग करने वाले 10 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई साथ ही वाहन भी किया गया सीज।

चौकी रोड़ी बेलवाला कोतवाली नगर पुलिस ने ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्रवाई करते हुए चंडी चौक के पास नील धारा नदी में हुड़दंगियों द्वारा अपनी थार कार को नदी में बीचों बीच उतारकर सेल्फी लेकर शोर-शराबा कर मां गंगा की मर्यादा को भंग किया जा रहा था इस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस अधिनियम के तहत चालान करते हुए थार गाड़ी को चौकी लाकर सीज किया गया। सभी लोगों को ऑपरेशन मर्यादा का पालन करते हुए चेतावनी दी गई दी गई कि देवभूमि में आना है तो मर्यादाओं का पालन किया जाये।

# उत्तराखंड में पेंशन के लिए नया कानून, जानिए कर्मचारियों को होगा फायदा या नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन को अब नए नियम बनने जा रहे हैं। गैरसैंण बजट सत्र में पारित उत्तराखंड पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा तथा विधिमान्यकरण विधेयक-2022 विधिवत कानून बन गया। विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसके आदेश सचिव शहंशाह मुहम्मद दिलबर दानिश ने किए।इसके लागू होने से अब अस्थायी कार्मिक के रूप में की गई सेवाएं पेंशन लाभ को अमान्य होंगी। मौलिक नियुक्ति की तारीख से सेवा अवधि पेंशन के लिए गिनी जाएगा। इसलिए लिया फैसला हालिया कुछ वर्षों में लोनिवि, सिंचाई, पेयजल समेत कुछ विभागों में अस्थायी से स्थायी हुए कर्मचारियों ने पूर्व की सेवाओं के आधार पर पेंशन का लाभ देने की मांग की थी।पेंशन के लाभ के लिए कम से कम 10 साल की नियमित सेवा अनिवार्य है। लेकिन तीन से चार साल की स्थायी सेवा वाले कार्मिकों ने अपनी पूर्व की 10 से 15 वर्ष की अस्थायी सेवाओं को पेंशन के लिए जोड़ने की मांग की। इन मामलों में हुए कोर्ट केस में फैसले कर्मचारियों के पक्ष में आए। इसके बाद यह सिलसिला शुरू हो गया।कार्मिकों के पेंशन के भार को बढ़ता देख पिछले साल 14 नवंबर 2022 को कैबिनेट बैठक में पेंशन के मानक तय करने के लिए कानून बनाने का निर्णय किया गया था। गैरसैंण बजट सत्र में 16 मार्च 2023 को इसे पारित कर दिया गया था।




## संक्षिप्त खबरें

### एक्स ओएनजीसी वाइव्स एसोसिएशन स्वयं सिद्धा का हुआ कार्यक्रम

देहरादून। एक्स ओएनजीसी वाइव्स एसोसिएशन स्वयं सिद्धा की ओर से पांचवीं वर्षगांठ पर बढ़ते कदम कार्यक्रम का आयोजन किया। ओएनजीसी कॉलोनी कौलागढ़ रोड के शोभना वाही भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों अध्यक्ष रूकसाना हुसैन और मंजू चौधरी एवं सचिव स्वीटी कलेर ने किया। उन्होंने अतिथियों को प्लांट्स देकर अतिथियों का स्वागत किया। सचिव स्वीटी कलेर ने वार्षिक रिपोर्ट रखी और साल 2022-23 के सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मीनाक्षी भटनागर, अमिता शर्मा और कुसुम भाटिया ने किया। सावन के गानों पर स्वीटी कलेर, जनक, प्रतिमा शर्मा, प्रतिभा कुमार, मंजू नेगी, कुसुम भाटिया, अनुभा जैन, पूनम पंत, मंजुल, अनीता विजन ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। राजस्थानी नृत्य घुम्मर में प्रतिमा शर्मा, शशि वासंदी, शिखा सक्सेना, नीता अग्रवाल, प्रमिला सिंह, पूजा ने खूबसूरत प्रस्तुति दी। रब ने बना दी जोड़ी हास्य नाटिका ने सभी को गुदगुदाया। इसमें सरिता घिल्डियाल, सरिता रानी, अनुभा जैन, अमिता शर्मा, शिखा सिंह ने भाग लिया। उपाध्यक्ष अंजु रावत ने सभी का धन्यवाद अदा किया और सामाजिक कार्यों को करने का संकल्प दोहराया।

### सिने प्रेमियों को दिखाई अंतरराष्ट्रीय मूवी 'लेमन ट्री

देहरादून। रीच टाकीज दून फिल्म सोसाइटी ने दून के कला फिल्म प्रेमियों के लिए अंतरराष्ट्रीय फिल्म 'लेमन ट्री का विशेष शो आयोजित किया। फिल्म एरान रिक्लिस ने निर्देशित की है। फिल्म में हीम अब्बास, अली सुलेमान, रोना लिपाज़-माइकल एवं डोरोन टेवरी ने अभिनय किया है। फिल्म के कहानी को एरान रिक्लीस एवं सुहा अरफ ने लिखा है। राजपुर रोड स्थित होटल इंद्रलोक में हुए विशेष शो के तहत अरेबिक भाषा की इस फिल्म में एक फिलस्तीनी विधवा सलमा की कहानी को दिखाया गया है। जिसे अपने नींबू के बागीचे की रक्षा करनी है। वह अपने स्वर्गीय पिता के लगाये बाग़ीचे में नींबू के पेड़ों को नष्ट करने से रोकने के दौरान इजराइली सैनिकों एवं सीक्रेट सर्विस साथ भी उलझती है। संस्था सचिव मोहित डंग ने कहा कि उनका मकसद दून के सिने प्रेमियों को विश्व का उत्कृष्ट सिनेमा दिखाना है। अध्यक्ष शोभना खुल्लर ने कहा कि संस्था चाहती है कि सिने प्रेमी अंतरराष्ट्रीय स्तर की फ़िल्मों और कलाकारों को समझे, कहानियों को कहने की समझ विकसित करें। रीच एवं विरासत फेस्टीवल के संस्थापक आरके सिंह ने कहा कि अच्छी फिल्में अच्छी पुस्तकों की तरह ही आपको डायरेक्टर की निगाह से दुनिया दिखाती है। उन्होंने बताया कि रीच संस्था की ओर से दुनिया की श्रेष्ठ फ़िल्मों के प्रति समझ पैदा करने के लिए दून में पंद्रह साल पहले रीच टाकीज की शुरूआत हुई थी। स्व. कर्नल सुभाष चंद्र खुल्लर इसके संस्थापक प्रेसिडेंट थे। उनके असामयिक निधन के बाद उनकी पत्नी शोभना खुल्लर ने इसे दुबारा शुरू किया है।

### प्रशासन ने राजकीय भूमि से अवैध निर्माण हटाया

अल्मोड़ा। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया गया है। बीती शाम अल्मोड़ा पुलिस और प्रशासन की टीम ने राजकीय भूमि पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। जबकि सोमवार को नगर क्षेत्र में भी चेकिंग अभियान चलाकर अस्थाई तौर पर कई गए अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को सख्त हिदायत दी। दरअसल, अल्मोड़ा पुलिस और प्रशासन की टीम की ओर से रविवार को देर शाम अल्मोड़ा-कोसी सडक़ में अभियान चलाया। एसडीएम गोपाल चौहान, सीओ विमल प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने आरटीओ कार्यालय के पास राजकीय भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इधर, सोमवार को भी पुलिस और पालिका टीम ने बाजार में छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण करने वाले तीन व्यापारियों का चालान काटकर 750 रुपये का जुर्माना वसूला। इसके अलावा 10 से अधिक व्यापारियों का गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक पर चालान काट 26 सौ रुपये का जुर्माना वसूला। टीम में कोतवाल संजय पाठक, एएसआई सतीश चंद्र कापड़ी, हेड कांस्टेबल कपिल देव, महिला कांस्टेबल रीता बगड़वाल, मंजू खाती, एसआई लक्ष्मण सिंह, तहबाजारी निरीक्षण कमल पाठक, रमेश जोशी, रमेश तिवारी, अशोक सिंह, राम सिंह आदि मौजूद रहे।


# नैनीताल : 1 लाख लीटर पानी, जल संस्थान का टैंक खाली कर फरार हुए चोर ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 16 मई : आपने चोरी की खबरें खूब पढ़ी और सुनी होंगी। कोई कीमती जेवर और नगदी चोरी करता है, तो कोई सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइट उड़ा लेता है, लेकिन नैनीताल के भीमताल में गजब हो गया। यहां असामाजिक तत्वों ने जल संस्थान के टैंक से एक लाख लीटर पानी ही चोरी कर लिया। पानी चोरी हुआ तो क्षेत्र के कई घरों में मुसीबत आन पड़ी। न तो टॉयलेट में पानी आया और न ही किचन में। कई घरों में पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी। पानी चोरी की घटना का पता तब चला, जब पेयजल निगम का एक लाइनमैन पानी खोलने के लिए टैंक के पास गया। वहां पानी की एक बूंद भी नहीं थी। मामला जौंस स्टेट का है, जहां जंगल के बीच बने टैंक से एक लाख लीटर पानी चोरी हो गया। चोरों ने रातोंरात पूरे टैंक को खाली कर दिया। इसी टैंक से तीन वर्ष पूर्व भी पानी की चोरी हो चुकी है। यहां एक बार फिर पानी चोरी की घटना हुई।

जल संस्थान ने जो पानी जमा किया था। उसे किसी ने वाल्व में पाइप लगाकर चोरी कर लिया। बीते दिन सुबह घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी। क्षेत्र में कई होम स्टे, होटल रिसार्ट आदि के कर्मी भी पानी के लिए भटकते दिखे। कई लोंगो ने निजी टैंकों से पानी मंगाया। इस पानी के टैंक से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से ज्यादा होटलों-रिजॉर्टों और दो हजार से ज्यादा घरों में पानी सप्लाई होता है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने तीन साल पहले भी ऐसी ही घटना को अंजाम दिया था। इस बार चोर अपने पीछे कोई सबूत नहीं छोड़ गए। वो बल्ब तक चुराकर ले गए, ताकि आगे भी पानी की सप्लाई न हो सके। जल संस्थान के अधिकारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। अवर अभियंता हर्षित कुमार ने कहा कि पानी के बाद चोरों ने वॉल्व भी चुरा लिया, जिस वजह से टैंक में पानी जमा नहीं हो पा रहा। पानी के चैंबर को ठीक किया जा रहा है।





# ग्राफिक एरा के छात्र विदेशों में भी कर सकेंगे पढ़ाई

ग्राफिक एरा ने किया प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू

देहरादून। ग्राफिक एरा में पढने वाले छात्र-छात्राओं को अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन के प्रमुख विश्वविद्यालयों में शिक्षा पाने में आसानी होगी। ग्राफिक एरा ने प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है। सोमवार को विवि में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न कोर्सों में तीन साल पढ़ाई के बाद छात्र इन विवि में आगे एक या दो साल की पढ़ाई कर सकेंगे। तीन साल की डिग्री ग्राफिक एरा और मास्टर्स डिग्री विदेश की विवि से मिलेगी। ऐसे में विवि के छात्रों को दुनियाभर की उन्नत तकनीकों को सीखने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं तकनीक के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा अब शहर, राज्य या देश नहीं बल्कि ग्लोबल है। डा. कमल घनशाला के अनुसार, वर्ल्ड रैंकिंग में 251 से 300 रैंक बैंड में आने वाली अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय, फ्रांस की यूनिवर्सिटी पोलिटेक नॉन्त, ब्रिटेन की प्लायमॉथ यूनिवर्सिटी, फ्रांस के रेन्नैस स्कूल ऑफ बिजनेस, इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ फरारा, साउथ अफ्रीका की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजुलू और लिथुनिया की विलनियस टेक के साथ समझौता हुआ है। इस दौरान विवि के कुलपति डा. नरपेंदर सिंह भी मौजूद रहे।

**विवि के छात्र ने गेट में पायी देश में 25वीं रैंक**

डा. घनसाला ने बताया कि 25 साल के सफल में अब तक ग्राफिक एरा के 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने गेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस साल ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के बीटेक सीएस के छात्र कोटद्वार निवासी हिमांशु देवरानी ने गेट में देश में 25वीं रैंक प्राप्त की है। बीटेक के पांच छात्र-छात्राओं ने तीसरे वर्ष में ही गेट परीक्षा पास कर ली है। बीटेक अंतिम वर्ष के 20 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष गेट परीक्षा उत्तीर्ण करके अपनी योग्यता का परिचय दिया है। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के बीटेक ईसीई के छात्र अभिषेक सेमवाल ने गेट में ऑल इंडिया रैंक 93 प्राप्त की है।

# ऋषिकेश : सैलरी मिली तो रातभर की पार्टी, सुबह उठा नहीं पाया ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 16 मई : ऋषिकेश में सिद्धांत त्यागी नाम के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रायपुर का रहने वाला सिद्धांत यहां एक होटल में काम करता था। सैलरी मिली तो सिद्धांत के दोस्तों ने पार्टी मांगी। सिद्धांत भी खुशी-खुशी चला गया। सभी दोस्तों ने रातभर पार्टी की, लेकिन सुबह जब दो दोस्तों की आंख खुली तो उन्होंने देखा कि सिद्धांत के शरीर में हलचल नहीं हो रही। वो मर चुका था। इस घटना के बाद सिद्धांत के परिजनों ने उसके दोस्तों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि दोस्तों ने नशे की ओवरडोज देकर सिद्धांत को मार डाला। घटना के बारे में उन्हें देर से सूचना दी गई। पुलिस ने मृतक के मोबाइल व अन्य सामान कब्जे में ले लिया है। जांच जारी है। घटना रायपुर थाना क्षेत्र के दोनाली इलाके की है। यहां रहने वाला सिद्धांत अपने घरवालों को बिना बताए अपने दोस्त आदित्य के घर पर आया था।

यहां पर उसने अपने दोस्तों करण व आदित्य के साथ पार्टी की। अगली सुबह सिद्धांत बेहोश पड़ा था। इसकी सूचना आदित्य ने स्वजनों और पुलिस को दी। बाद में सिद्धांत को अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अब सिद्धांत के परिजनों ने उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक के मामा मनोज पांडे ने आरोप लगाया कि करन और आदित्य ने जानबूझकर सिद्धांत को नशे की ओवरडोज दी। जब वह बेहोश हो गया तो उसे मरने के लिए छोड़ दिया।

सिद्धांत की मौत रात को ही हो गई थी, लेकिन उसके दोस्तों ने यह बात छुपाए रखी। बहरहाल परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।





## संक्षिप्त खबरें

### राज्य कर विभाग कर्मियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

रुद्रपुर। राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन के नेतृत्व में राज्य कर विभाग के कर्मियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पदोन्नति, कर्मचारियों की कमी समेत अन्य लम्बित मांगों को पूरा करने की मांग की। मांगे पूरी नहीं होने पर 22 मई को काला फीता बांधकर विरोध करने की चेतावनी शासन प्रशासन को दी। सोमवार को राज्य कर विभाग के गेट पर प्रदर्शन के दौरान एक सभा हुई । सभा में राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ के प्रदेश महामंत्री राकेश चन्द्र जखमोला ने कहा कि एकीकृत कर प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद से आज तक कर्मचारियों का ढांचा नहीं बन पाया है, जबकि कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद उच्चाधिकारियों ने शासन को कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। ऐसे में कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त भार पड़ रहा है। उन्होंने शासन ने पूर्व में घोषित शिथिलीकरण नियमावली से कई कार्मिक वंचित होने के कारण इसे पुनः लागू किए जाने और पदोन्नति के लिए फोरगो पोलिसी समाप्त करने की मांग की है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, शाखा मंत्री चन्द्रसेन, प्रदेश प्रवक्ता शेखर सिंह चुफाल, विशाल अग्रवाल, अरविन्द राणा, ऐजाज बेग, रघुवीर सिंह, भगत सिंह खाती, मो. वसीम कुसुम वर्मा, कहकशा कुरैशी, संगीता साह राणा, किरन रावत, सुरेन्द्र कुमार, मोहित कुमार समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीडीपीएल मजदूर यूनियन ने अम्बेडकर पार्क में की आमसभा

रुद्रपुर। बीते 21 अप्रैल को प्रफैक्ट प्राइबेट लिमिटेट मजदूर यूनियन के 41 स्थायी मजदूर को फैक्ट्री में नो एंट्री को खिलाफ आम सभा को ट्रेड यूनियन ऐक्टू, इंकलाबी मजदूर केंद्र, सिडकुल संयुक्त श्रमिक मोर्चा और अन्य मजदूर संगठनों ने सरकार से हस्तक्षेप कर 41 मजदूरों को बहाल करने की मांग की है। सोमवार को अम्बेडकर पार्क में आम सभा के दौरान ट्रेड यूनियन एक्ट के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि 21 अप्रैल से पीडीपीएल मजदूर यूनियन के सभी 41 स्थायी मजदूर अन्याय झेल रहे हैं। वहीं 25 दिनों से मजदूर कम्पनी गेट के सामने ड्यूटी का इंतजार करते हुए भरी धूप में भूखे-प्यासे खड़े हैं। वहीं सिडकुल संयुक्त श्रमिक मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि सिडकुल में फैक्ट्री मालिकों की मनमानी से औद्योगिक माहौल बिगड़ रहा है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के नेता सुरेंद्र रावत ने कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों के हितों के लिए मजदूर विरोधी श्रम कोड लाई है। इसके लागू होते ही तमाम श्रम अधिकार निलंबित हो जाएंगे। इस दौरान दीपिका भारती, रेणु गंगवार, पुष्पा मौर्या, मीरा राय, सीमा, विनीता, गीता देवी, चंदन मेवाड़ी, मनोज आर्य, दुधनाथ भारती, चंद्रा सिंह, ललित जोशी, नवजोत परिहार, मनोज और लोग मौजूद रहे।

### मेयर ने सीबीएसई के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

रुद्रपुर। बीते दिनों सीबीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। इसमें रुद्रपुर के कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। मेयर रामपाल सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सोमवार को नगर निगम सभागार में रुद्रपुर सीबीएसई बोर्ड के नौ विद्यालयों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रथम द्वितीय और तृतीय टॉपर छात्र-छात्राओं को मेयर रामपाल सिंह ने सम्मानित किया। मेयर ने कहा कि आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी कल का भविष्य हैं। छात्र-छात्राओ ने अपनी मेधा से विद्यालय के साथ-साथ जिले भर का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चुनौतियों का सामना करने से ही व्यक्तित्व मजबूत होता है। कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पार्षद आयुष तनेजा, रामकिशन कोली, बबलू सागर, रणजीत सागर, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, विनय विश्वास, डॉ. राकेश सिंह, राजेश जग्गा, शिव कुमार शिबू, नरेंद्र चौहान, राजेंद्र राठौड़, गजेंद्र प्रजापति मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी सह प्रभारी के आगमन की तैयारी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 मई : 17.5.20 23, उत्तराखंड में पंजाब के विधायक वरिंदर सिंह गोयल एवं दिल्ली के विधायक रोहित मेहरोलिया कार्यकर्ताओं को आगामी संगठन की रणनीतियों पर विचार मंथन करेंगे । इसी कार्यक्रम को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यालय देहरादून में पदाधिकारीगण भव्य स्वागत समारोह को सफल बनाने के लिए एकजुटता के साथ कार्यक्रम की तैयारियां जोरों शोरों पर है, प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने बताया प्रदेश प्रभारी अपने निजी वाहन से मोहंड से होते हुए आशारोड़ी चेक पोस्ट पहुंचेंगे वहां सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता उनका स्वागत करते हुए सहारनपुर रोड से होते हुए प्रिंस चौक से प्रकाश बिहार ले नंबर 3 प्रदेश कार्यालय में पहुंचेंगे ।


प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे वही उत्तराखंड की संस्कृति के साथ उनका महिलाओं द्वारा स्वागत किया जाएगा कार्यक्रम में तमाम प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेतागण पार्टी के फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन शामिल होंगे तत्पश्चात प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी प्रेस को संबोधित भी करेंगे, कार्यक्रम की तैयारियों में विशेष सहयोग के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष आर, पी रतूड़ी प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन मीडिया प्रभारी रविंदर आनंद सुधा पटवाल विपिन खन्ना सुरेश सैनी अशोक सेमवाल सीपी सिंह सुदेश कुमार बीसी कांडपाल सीमा कश्यप विपिन नेगी, राजवीर शर्मा संध्या चौटाला आदि सभी कार्यकर्ता।

## उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग की हुई बैठक

देहरादून। उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग सुनवाई/बैठक का आयोजन माननीय अध्यक्ष डॉ0 आर0के0जैन, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सुनवाई/बैठक में मा0 उपाध्यक्ष मज़हर नईम नवाब, सदस्यगण गुलाम मुस्तफा, वरीश, असगर अली, श्रीमती सीमा जावेद, सन्तोख सिंह नागपाल, अब्दुल हफीज राही, सचिव, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग जे.एस.रावत, देहरादून एवं श्रीमती शमा प्रवीन, वैयक्तिक सहायक, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, उपस्थित रहे।

सुनवाई में कु0 सना, अल्मोड़ा के शिकायती प्रकरण में कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा सम्बन्धित को बी.ए. की मार्कशीट दिये बिना एम.ए. में प्रवेश देते हुए अंकतालिका जारी कर दी गयी, किन्तु वर्तमान में कु सना को बी.ए. में बैक आई है, जिस कारण बी.ए. की मार्कशीट न देते हुए उसके भविष्य के साथ खिलवाड कर उत्पीडन किया जा रहा है, जिसके क्रम में डॉ0 आर.के.जैन. मा0 अध्यक्ष द्वारा उक्त हास्यप्रद स्थिति के चलते मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी को संज्ञान लेने तथा निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग को उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। श्रीमती रोबिना, टिहरी गढ़वाल के शिकायती प्रकरण में शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2010 से मान्यता संबंधी पत्रावली पर कोई कार्यवाही न करते हुए उत्पीडन किये जाने पर प्रकरण में उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, टिहरी गढ़वाल की अध्यक्षता में मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश जारी किये। राजेन्द्र सिंह कुटियाल, हल्द्वानी के शिकायती प्रकरण में जनपद हरिद्वार में बौद्ध मठ की प्रतिमा को बिना सूचना के तोड़े जाने तथा अन्य धार्मिक स्थल को यथावत् रखे जाने एवं वर्तमान में बौद्ध मठ की पुर्नस्थापना हेतु भूमि निःशुल्क उपलब्ध न कराये जाने के सम्बन्ध में मा0 आयोग द्वारा प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार एवं मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के संज्ञान में लाते हुए अल्पसंख्यकों के हितों के सुरक्षार्थ त्वरित कार्यवाही की जाने की अपेक्षा की गयी। इकबाल अहमद, गदरपुर के शिकायती प्रकरण में थाना-गदरपुर में समय से रिपोर्ट दर्ज न किये जाने तथा मा0 आयोग के आदेशों की अवहेलना किये जाने के कारण मामला माननीय आयोग के निर्देशानुसार एस.टी.एफ. को स्थानान्तरित किया गया।

# संपादकीय



## चंबा चौगान के बचाव में

एक प्रतिष्ठित नागरिक एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता विजय शर्मा के पत्र का संज्ञान लेते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने चंबा चौगान के किनारे निर्माण को हटाने का आदेश दिया है। सार्वजनिक मैदान और चंबा नगर विकास योजना का उल्लंघन करते हुए नगर परिषद चौगान के चारों तरफ दुकानें बनवा रही थी, जिसे तुरंत प्रभाव से अब हटाना होगा। यह निर्णय एक साथ कई संदेश और नव निर्माण के चरित्र पर टिप्पणी कर रहा है। एक ओर टीसीपी कानून के सीधे उल्लंघन पर अदालत सख्त हो रही है, जबकि दूसरी ओर वह नागरिक समाज की चिंताओं को अधिमान भी दे रही है। आश्चर्य यह कि नगर परिषद शहर के व्यवस्थित विकास की योजना की पहरेदार बनने के बजाय, उसे ही लूट रही थी। कमोबेश इसी तरह हर शहर की योजना में संस्थागत अतिक्रमण जारी है। खास तौर पर सरकारी इमारतों ने शहरों में ऐसे जंगल बसा दिए हैं, जिन्हें हटाने की दरकार है। आज तक यह ऑडिट नहीं हुआ है कि नगर निकायों की संपत्तियों के कौन मालिक बने बैठे हैं। इतना ही नहीं दुकानों के नाम पर हर शहर में सरकारी धन का बेहूदा इस्तेमाल करके आबंटन की मिलीभगत में सियासी स्वार्थ पूरे किए जा रहे हैं। यहां मसला उस सीना जोरी का भी है जो शहर की सूरत संवारने के बजाय बिगाड़ रहा है। इतना ही नहीं कातिल निगाहें पारंपरिक मैदानों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक व पर्यटक स्थलों को निगल रही हैं। कभी सुजानपुर का मैदान अपने आकार में एक राज्यस्तरीय धरोहर था, लेकिन इमारतों के बढ़ते दायरे ने इसका भी दम घोंट दिया। पहले ही चंबा के चौगानों में व्यापार के मंसूबे खोद दिए गए हैं और अब रही सही कसर मुख्य मैदान को नोंच कर पूरी की जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व इसी तरह धर्मशाला के नेता जी सुभाष स्टेडियम के एक छोर पर जनता के भारी विरोध के बावजूद पुलिस ने अपने भवन की छाती ठोंक दी। यह सरकारी कार्यालयों, परियोजनाओं और स्थानीय निकायों का अतिक्रमण है, जो गांव से शहर तक के सुकून को छीन रहा है। अगर प्रसिद्ध चित्रकार विजय शर्मा इस मामले को हाई कोर्ट न ले जाते, तो चंबा चौगान की छाती पर दुकानें उग कर आबंटित भी हो जातीं। धर्मशाला और शिमला की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत भी जमीन घेरने के कई परिकल्प चल रहे हैं। धर्मशाला के गांधी पार्क की सीमित जमीन पर स्मार्ट सिटी का पैसा यूं ही करीब तीन दर्जन दुकानों के निर्माण को तरजीह दे रहा है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# संक्षिप्त खबरें

## यमुना पेयजल पंपिंग योजना से जल्द शुरू होगी सप्लाई

देहरादून। मसूरी में यमुना पेयजल पंपिंग योजना का सफल परीक्षण होने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। भाजपा मसूरी मंडल अध्यक्ष राकेश रावत ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्र सरकार, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी, मसूरी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया। रावत ने कहा कि मसूरी को अब वर्ष 2052 तक पानी की कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ शीघ्र ही मसूरी की जनता को मिलना शुरू हो जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र के सभी स्थानों को पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि यह पानी देहरादून जाएगा, जो कि सरासर गलत है। क्योंकि योजना में साफ लिखा गया है कि यह पानी केवल मसूरी नगर पालिका क्षेत्र को दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी शीघ्र इस योजना में शामिल इंजीनियरों और अधिकारियों को सम्मानित करेगी। इस मौके पर महामंत्री कुशाल राणा, नरेंद्र मेलवाल, उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता कुमाईं, सतीश ढौंडियाल, सपना शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवीद्र रावत, अभिलाष, अवतार कुकरेजा, कपिल मलिक आदि मौजूद रहे।

## अपर मुख्य सचिव और पूर्व डीजीपी ने देखी गढ़वाली फिल्म बथौं-सुबेरौ घाम-2

देहरादून। पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी, देहरादून के मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के पूर्व निदेशक एमपीएस बिष्ट ने आईएसबीटी स्थित सिटी जंक्शन मॉल में गढ़वाली फ़िल्म बथौं-सुबेरौ घाम-2 देखी और फिल्म की विषय वस्तु की सराहना की। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, उनके पति पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी ने रिबन काट कर फिल्म के शो का उदघाटन किया। उन्होंने पूरे तीन घण्टे बैठकर फ़िल्म का आनंद लिया। फ़िल्म को देखकर राधा रतूड़ी ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा की इतनी लाज़वाब व प्रेरणादायक फ़िल्म उन्होंने पहली बार देखी है। यह फ़िल्म युवाओं को रिवर्स पलायन के लिए प्रेरित करती है। पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी ने कहा ये फ़िल्म वर्तमान में उत्तराखण्ड के पहाड़ों के पलायन की वास्तविक स्थिति दिखाती है। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत ने कहा कि यह फ़िल्म सही मायनों में उत्तराखण्ड से पलायन की पीड़ा प्रदर्शित कर झकझोरती है। उपजिलाधिकारी डोईवाला शैलेंद्र सिंह रावत तो फ़िल्म देखकर बेहद भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उर्मि नेगी ने बेहतरीन निर्देशन व अभिनय से पहाड़ की नारी के संघर्षों का जीवंत चित्रण किया है। उन्होंने भी अपने परिवार के साथ पूरी फ़िल्म देखी। चन्द्रमोहन जदली ने इसे उत्तराखण्डी फ़िल्मों के इतिहास में मील का पत्थर बताया है। विशेष बात यह भी रही कि सिनेमाहॉल में युवाओं की संख्या अधिक रही।

## स्वर्गीय चन्दन राम दास के आवास पर पहुंचकर महाराज ने संवेदना व्यक्त की

बागेश्वर। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड सरकार में अपने सहयोगी रहे कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधानसभा से विधायक स्वर्गीय चन्दन राम दास के आवास पर पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को उत्तराखंड सरकार में अपने सहयोगी रहे कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधानसभा से विधायक स्वर्गीय चन्दन राम दास के मोहल्ला बनखोल, भागीरथी दुर्ग, बाजार वार्ड स्थित आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने उनकी पत्नी श्रीमती पार्वती दास एवं पुत्र गौरव दास को सांत्वना देते हुए कहा कि वह हमेशा उनके परिवार के साथ खड़े हैं। महाराज ने कहा कि कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधायक रहे स्वर्गीय चन्दन राम दास विशालव्यक्तित्व के धनी होने के साथ-साथ अपने समाज, क्षेत्र और पूरे उत्तराखंड के लिए कार्य करते थे। उनका इस तरह अकस्मात चले जाना हम सभी के लिए बहुत ही दुखद है। उनका अभाव हमेशा खलता रहेगा, इसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है।

## दून पहुंचने पर मां जगदीशिला डोली यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

देहरादून। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की 24 वीं डोली यात्रा के दून पहुंचने पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया। डोली का भनियावाला डोईवाला से सीधा आगमन शहीद स्मारक हुआ। इसके बाद डोली यात्रा नगर निगम व माता मंदिर स्थित 11 गांव हिंदाव पट्टी समिति के कार्यक्रम में पहुंची। शहीद स्मारक पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के पदाधिकारियों ने डोली यात्रा का स्वागत डोली में कंधा लगाकर किया। पूर्व मंत्री व यात्रा संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी डोली की अगुवाई कर रहे थे। उन्होंने शहीद स्मारक में शहीदों को नमन किया। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने डोली यात्रा को संस्कृति व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया। मौके पर पुष्पलता सिलमाना, मुन्नी खंडूड़ी, अरुणा थपलियाल, संगीता रावत, मोहन खत्री, गणेश डंगवाल, नवनीत गुसाईं, सुरेश कुमार, अभय कुकरेती, विपुल नोटियाल, विनोद असवाल, अनुराग भट्ट, नरेन्द्र नोटियाल, भारत बडोनी मौजूद रहे। नगर निगम में डोली यात्रा का स्वागत भारत माता मंदिर के महंत स्वामी ललितानंद गिरी, मेयर सुनील उनियाल गामा, रूप सिंह बजियाला, मनोज द्विवेदी ने की। नगर निगम में डोली यात्रा को लेकर मंत्री प्रसाद नैथानी द्वारा विश्वनाथ महिमा पर लिखे, गाए ऑडियो-वीडियो गीत का विमोचन किया गया। डॉ. शैलेन्द्र तिपाठी ने डॉ. पीएन सेमवाल द्वारा लिखी वंदना गाई। मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार, अशोक वर्मा, लक्ष्मी अग्रवाल, ओम गोपाल रावत, लालचंद शर्मा, विपुल कंडवाल, राजीव बागड़ी, इंद्र भूषण बडोनी मौजूद रहे। नगर निगम के बाद डोली यात्रा 11 गांव हिंदाव विकास समिति के आयोजन में पहुंची। डोली यात्रा इसके गोरखपुर, फ्रैंड्स एन्क्लेव, मां नंदा विहार नवादा पहुंची।

## धीमे विकास कार्यों पर विधायक खजानदास ने जताई नाराजगी

देहरादून। राजपुर रोड विधायक खजानदास ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की धीमी गति पर रोष जताया। अधिकारियों को काम में तेजी के निर्देश दिए। दून लाइब्रेरी में विधायक ने स्मार्ट सिटी, लोनिवि, यूपीसीएल, जल संस्थान, पीआईयू एवं निर्माण कार्यो से संबधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक की। जल संस्थान अधिकारियों ने उनके स्तर पर मिली समस्याओं का निदान प्राथमिकता से करने का आश्वासन दिया। जल संस्थान स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत गांधी रोड फायर स्टेशन के पास निर्मित 1.26 करोड़ के नलकूप, घंटाघर के पास 64.62 लाख रुपये से निर्मित नलकूप का लोकार्पण शीघ्र करेगा। धामावाला, पल्टन बाजार, मच्छी बाजार, डिस्पेंसरी रोड़, मोती बाजार, टिप्पटाप वाली गली, चाटवाली गली, घोसी गली आदि इलाकों में पेयजल समस्या का समाधान होगा। स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने पलटन बाजार में फसाड छज्जों के कार्यो को हर हाल में 30 मई तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

# पश्चिमी बंगाल की बालिका को अभियुक्त के कब्जे से किया सकुशल रेस्क्यू : नैनीताल पुलिस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



नैनीताल 16 मई : अभियुक्त की बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कोतवाली हल्द्वानी अभियोग पंजीकृत, मकान मालिक सहित 03 गिरफ्तार थाना बसन्ती जिला पश्चिम 24 परगना पश्चिमी बंगाल के मुकदमा FIR NO. 353/2023 U/S 363/365 IPC से सम्बन्धित विवेचक उपनिरीक्षक सेमवल हुसैन द्वारा दिनांक 14.05.2023 को ललिता पांडेय प्रभारी निरीक्षक एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट हल्द्वानी को सूचना दी गयी कि उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित पीडिता थाना बसन्ती पश्चिमी बंगाल की लोकेशन रेलवे स्टेशन हल्द्वानी आ रही है।

सूचना पर निरीक्षक ललिता पाण्डेय मय पुलिस फोर्स कानि0 मोहन किरोला व कानि0 राजेन्द्र जोशी के तत्काल रेलवे स्टेशन हल्द्वानी पर जाकर उपरोक्त पीड़िता को अभियुक्त रज्जाक पाइक पुत्र बजैल पाइक निवासी दक्षिण रायपुर वेस्ट बंगाल के कब्जे से सकुशल रेस्क्यू किया गया। सख्ती से पूछताछ पर पीड़िता द्वारा बताया गया कि उसे तानिया के निवास स्थान संजय कॉलोनी भोटिया पड़ाव क्षेत्रांतर्गत आसिम रजा के मकान पर रखा गया था। पीडिता की निशानदेही पर निरीक्षक मय हमराही कर्मचारियों के उपयुक्त स्थान संजय कॉलोनी भोटिया पड़ाव गयी जहां तानिया मौजूद नहीं मिली तथा तानिया की मां मौजूद मिली।

मकान मालिक से पुलिस टीम द्वारा पूछे जाने पर किरायेदार व मकान मालिक आसिम रजा के बेटे असद रजा व हसन रजा द्वारा व अन्य किरायेदार 7-8 लोगों द्वारा पुलिस टीम कानि0 मोहन किरौला व कानि0 राजेन्द्र जोशी को गेट बंद कर अंदर घेर लिया व उनके साथ छीना झपटी करने लगे इसी दौरान पकड़े गये अभियुक्त रज्जक पाईक को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। मकान मालिक के दोनो बेटे व कुछ मौजूद 7-8 लोगों द्वारा कानि0 मोहन किरौला को कमरे के अन्दर ले जाकर मारपीट की गयी।

निरीक्षक ललिता पाण्डेय द्वारा बमुश्किल गेट खोलकर अन्दर जाकर देखा तो आसिम रजा की पत्नी मीना व बेटी हासिया व अनम द्वारा चीख चिल्लाकर धमकी दी जा रही थी व पुलिस कर्मियों से अभद्रता की गयी पुलिस टीम को बाहर जाने से रोकने के लिए मेन गेट का दरवाजा भी बंद कर दिया गया। साहस का परिचय देते हुए निरीक्षक ललिता पाण्डेय मय हमराही पुलिस कर्मियों द्वारा जबरन गेट खोलकर काफी प्रयास के बाद अभियुक्त रज्जक पाईक को सुरक्षित निकाला गया व थाने से अन्य पुलिस बल मौके पर बुलाया गया।

मकान मालिक द्वारा मानव व्यापार करने वाली महिला तानिया शेख को बिना सत्यापन किराये पर रखा गया है। आसिफ रजा द्वारा अपनी पत्नी व दोनो बेटो व बेटियों के साथ मिलकर तानिया शेख को संरक्षण देना, लोक सेवक को उसके कार्य में बाधा पहुंचाना व पुलिस कर्मियों को सदोष परिरोध कर अभियुक्त रज्जाक पाईक को छुड़ाने के आशय से मकान का मुख्य गेट बंद कर कर्मचारियों के साथ मारपीट किया गया है। उपरोक्त सम्बन्ध में दिनांक 15.05.2023 की रात्रि कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा FIR NO 248/2023 U/S 147/186/212/225/332/353/504/341/342 IPC पंजीकृत किया गया है। मकान मालिक आसिम रजा व उसके बेटे असद रजा व हसन रजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई का आयोजन



देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आज जनसुनवाई में 92 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में नगर निगम की भूमि पर कब्जा, सम्पति बटवारा विवाद, आर्थिक सहायता दिलाने, स्कूल में दाखिला दिलाने, फीस माफ करवाने, भूमि की पैमाईस कराने, पेंशन दिलाने, ठेकेदार द्वारा मकान बनाने, एवं कोरोना काल में पिता की मृत्यु होने पर बच्चों को शिक्षा इत्यादि को लेकर लाभान्वित कराने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान अजबपुर निवासी पूर्व सैनिक बीआर यादव द्वारा गत दिवस जनता दरबार में लगाई गई फरियाद के निस्तारण पर जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता की भूमि को कब्जामुक्त कराने हेतु संबंधित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए, जबकि आपसी विवाद पुलिस अधीक्षक को निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं वेटेरन सेवानिवृत्त सुविधा बलवंत सिंह रावत द्वारा अपनी पेंशन/लाभ की अधिकारिक मांग पर जिलाधिकारी ने उन्हें अपने सम्मुख बिठाकर उनकी समस्या को विस्तारपूर्वक सुना तथा निस्तारण/कार्यवाही हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार नगर निगम के अधिकारियों को निगम की भूमि से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। साथ सम्पत्ति विवाद के प्रकरणों पर अभिलेखीय जांच सहित मौका मुआयना कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। साथ ही विभाग अपने स्तर पर भी जनसुनवाई प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करें।

जनसुनवाई में इसी प्रकार नागल हटवाला देहरादून निवासी रचना द्वारा कोविडकाल के दौरान अपने पति की मृत्यु होने पर अपने दोनों बच्चों को वात्सलय योजना से जोडने हेतु अनुरोध किया। जिस पर कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं भुड़गावं पण्डितवाड़ी निवासी वृद्ध महिला मंगला देवी ने अपने मकान का निर्माण कराने वाले ठेकेदार/मिस्त्री द्वारा निर्माण कार्य को अधूरा छोडने की शिकायत शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुझरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0एस के बरनवाल एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, पुलिस अधीक्षक क्राईम सर्वेश पंवार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, सहित नगर निगम, जल संस्थान, लोनिवि, विद्युत आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डिप्लोमा इंजीनियर 23 मई से धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे

देहरादून। डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ ने अपनी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज होकर आंदोलन के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया है। इसके तहत राज्य के सभी विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर 23 मई से जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष एसएस चौहान ने बताया कि राज्य सरकार डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की मांगों पर कोई अमल नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री, मुख्य सचिव के स्तर पर आयोजित हुई बैठक के बावजूद किसी भी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि शासन के अफसरों को पूर्व में किए गए वादे याद दिलाने के लिए महासंघ ने आंदोलन के पहले चरण के तहत लोनिवि और सिंचाई मुख्यालय के बाहर 12 मई तक धरना प्रदर्शन किया। लेकिन इसके बाद भी किसी मांग पर कार्रवाई नहीं की गई है। इसे देखते हुए डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ ने आंदोलन के दूसरे चरण का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के डिप्लोमा इंजीनियर 23 मई को गढ़वाल मंडल के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना और प्रदर्शन करेंगे। जबकि 24 मई को कुमांऊ मंडल के जिला मुख्यालयों पर धरना प्रर्दान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 मई से 1 जून तक देहरादून में लोनिवि मुख्यालय और सिंचाई मुख्यालय पर क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। जबकि दो जून को सचिवालय घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी मांगों पर कार्रवाई न होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया जाएगा। चौहान ने बताया कि जब तक उनके प्रमोशन कोटा बढ़ाने जाने, तबादला एक्ट में संशोधन किए जाने, रिक्त पदों को भरे जाने, ग्रेड वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं होता उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### बिजली योजनाओं के लिए समय पर बनाई जाएं बिजली लाइनें

देहरादून। जल विद्युत परियोजनाओं से पैदा होने वाली बिजली का उत्पादन बर्बाद न हो, इसके लिए नई बिजली लाइनों का काम समय पर करना होगा। सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने बिजली योजनाओं की समीक्षा करते हुए बिजली लाइनों के नेटवर्क को समय पर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक में सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने जल विद्युत निगम, पिटकुल और यूपीसीएल के इंजीनियरों के साथ बैठक की। जल विद्युत निगम की प्रस्तावित और निर्माणाधीन योजनाओं पर रिपोर्ट ली गई। पिटकुल और यूपीसीएल दोनों निगमों को साफ किया गया कि सभी जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से पहले ही बिजली की लाइनें तैयार हो जाएं। ताकि एक भी दिन का बिजली उत्पादन बर्बाद न हो। सचिव ऊर्जा ने दो टूक कहा कि किसी भी सूरत में सुरिंगगाड़ और ब्रह्म प्रोजेक्ट जैसी विपरीत परिस्थितियां न खड़ी हो। इन दोनों प्रोजेक्ट के तैयार होने के बाद भी बिजली का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। कहीं सब स्टेशन का निर्माण नहीं हुआ, तो कहीं लाइन तैयार नहीं है। इसके कारण राज्य को अभी तक 25 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। सचिव ने तीनों निगमों को आपस में समन्वय बनाते हुए काम करने के निर्देश दिए। पूरा प्लान जल्द तैयार किए जाने को कहा। बैठक में एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार, एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी मौजूद रहे।

### राजपुर में एक्टिवा सवार को बेकाबू वाहन ने मारा

देहरादून। राजपुर क्षेत्र में बेकाबू कार चालक ने एक्टिवा सवार को टक्कर मार दी। हादसे में घायल व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। राजपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने बताया कि हादसे को लेकर अंश कुमार निवासी ओल्ड राजपुर, सत्यान मोहल्ला ने तहरीर दी। बताया कि उनके पिता महेश कुमार रविवार सुबह करीब साढ़े दस राजपुर से एक्टिवा से मसूरी रोड तरफ जा रहे थे। तभी हरियाणा नंबर की गाड़ी ने टक्कर मारी। इसके बाद कार समेत आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर घायल महेश कुमार को उपचार के लिए दून अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कार नंबर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।